मां लगा तेरा दरबार दीवाने आए हैं

प्रेम से बोलो जय माता दी,
सारे बोलो जय माता दी,
मिलकर बोलो जय माता दी,
जोर से बोलो जय माता दी......

मां लगा तेरा दरबार दीवाने आए हैं,
क्यों रूठ गई मेरी मां मनाने आए हैं,
मां लगा तेरा दरबार.....

हो गई भूल क्या मुझसे मैया,
बीच भंवर में छोड़ दी नैया,
तेरे चरणों में अपना शीश झुकाने आए हैं,
मां लगा तेरा दरबार.....

सुना है तर जाते हैं पापी,
बोल बोलकर जय माता दी,
तेरे नाम का कीर्तन आज हम गाने आए हैं,
मां लगा तेरा दरबार.....

भक्ति शिवरतन करते बंधन,
बार-बार मां का अभिनंदन,
दुख जीवन का सारा आज सुनाने आए हैं,
मां लगा तेरा दरबार.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30097/title/maa-laga-tera-darbaar-diwane-aaye-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |